औचित्यपूर्णता अवधारणा का विकास (Evolution of the concept of Legitimacy)

इस शब्द की व्युत्पत्ति, लैटिन भाषा के 'Legitimus' से हुई है और मध्यकाल में इसे 'Legitimitas' या आंग्ल भाषा में 'Lawful' अर्थात् 'वैधानिक' कहा गया। औचित्यपूर्णता के विचार या धारणा का अपना एक लम्बा इतिहास है। प्लेटो ने 'न्याय' भावना के अन्तर्गत औचित्य-पूर्णता का बीजारोपण कर दिया था। उसके अनुसार प्रत्येक शासन का बुद्धिपूर्ण आधार होना चाहिए तथा उसकी जड़े नैतिक मूल्यों, दीर्घकालीन विश्वासों और सामान्य स्वीकृति की गहराई में जमी हुई होनी चाहिए। अरस्तू ने कानून सम्मत शासन या संवैधानिक शासन के रूप में इस अवधारणा का चित्रण किया है। सिसरो ने 'Legitimum' शब्द का प्रयोग 'विधि' द्वारा गठित शक्तियों या न्यायाधीशों के लिए किया है। बाद में इसका प्रयोग प्राचीन परम्पराओं के प्रति अनुकूलता, रूढ़िगत क्रियाविधियों, संवैधानिक नियमों एवं सुव्यवस्था के तत्वों के लिए ग्रहण किया जाने लगा। मध्यकाल में अत्याचारी अथवा अपहर्ता शासक तथा न्याययुक्त धार्मिक शासक के बीच अन्तर बतलाते हुए इसका उल्लेख किया गया। अरस्तू के तर्क ग्रहण करते हुए मार्सीलिया ऑफ पेडुआ ने इस शब्द की धर्मशास्त्रीय व्याख्या के स्थान पर संवैधानिक व्याख्या प्रस्तुत की। लॉक ने सहमति एवं समझौते की धारणा के माध्यम से इस विचार का दृढ़ समर्थन किया।

आधुनिक युग में एक सार्वभौमिक धारणा के

Avinash

Scanned with CamScanner

रूप में इसका पहली बार प्रतिपादन मैक्स वेबर द्वारा किया गया। उसके अनुसार औचित्यपूर्णता विश्वास पर आधारित होती है और राजनीतिक व्यवस्था के लिए आज्ञापालन की स्थिति प्राप्त करती है। मैक्स वेबर ने औचित्यपूर्णता के आधार पर भी विस्तृत विचार किया है। उसने औचित्यपूर्णता के तीन आधार बतलाये हैं: परम्परागत, बौद्धिक कानूनी और करिश्मात्मक। एक अन्य विचारक कार्ल श्मिट (carl schmitt) ने लोकतान्त्रिक औचित्यपूर्णता की समस्या पर विचार किया है। गुगलिल्मो फैरो (Guglielmo Ferro) ने लोकतान्त्रिक औचित्यपूर्णता के दो आधार, (i) बहुमत तथा (ii) अल्पसंख्यक विरोधी दल बताये हैं। वह मतैक्य को औचित्यपूर्णता का अनिवार्य तत्व नहीं मानता। लोकतन्त्रीय राजनीतिक व्यवस्था के अन्तर्गत औचित्यपूर्णता के प्रसंग में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि एक सीमित मात्रा में विरोध का अस्तित्व भी औचित्यपूर्णता का परिचायक समझा जाता है।

Avinash

Scanned with CamScanner